सोना 4,800 रुपये की छलांग के साथ 1.46 लाख रुपये पर, चांदी 9,000 रुपये मजबूत



नयी दिल्ली, राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने और चांदी की कीमतों में जोरदार उछाल आया। त्योहारी मांग बढ़ने और वैश्विक बाजारों में कीमतों में तेज सुधार के बीच सोना 4,800 रुपये बढ़कर 1,46,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत मंगलवार को 1,41,800 रुपये प्रति 10 ग्राम थी, जो बुधवार को बढ़कर (सभी करों सहित) 1,46,600 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। चांदी की कीमतों में भी तेजी रही। यह 9,000 रुपये उछलकर (सभी करों सहित) 1.93 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई, जबकि पिछले कारोबारी सत्र में इसका भाव 1.84 लाख रुपये प्रति किलोग्राम था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूत सुधार और घरेलू बाजार में त्योहारी मांग बढ़ने से बुधवार को सोने की कीमतों में तेजी आई। ब्रिकवर्क रेटिंग्स के शोध प्रमुख राजीव शरण के अनुसार, कीमतों में यह सुधार त्योहारी खरीदारी की तैयारी कर रहे ग्राहकों को कुछ राहत दे सकता है। अक्टूबर में अपने उच्चतम स्तर से सोने की कीमतों में करीब आठ प्रतिशत की गिरावट आई थी। उन्होंने कहा कि अमेरिकी डॉलर की मजबूती, बॉन्ड पर प्रतिफल बढ़ने और अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद कमजोर पड़ने के कारण हाल में सोने की कीमतों में गिरावट आई थी। इससे कारोबारियों ने मुनाफावसूली की। शरण ने कहा कि पिछले धनतेरस के मुकाबले इस बार सोने की कीमतों में अपेक्षाकृत कम तेजी आई है। पिछले त्योहारी सत्र के बाद से सोना पांच से सात प्रतिशत ही महंगा हुआ है, जबकि पिछले धनतेरस पर इसकी कीमतों में सालाना आधार पर करीब 65 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने की कीमतों में जोरदार तेजी रही। हाजिर सोना 113.72 डॉलर यानी तीन प्रतिशत चढ़कर 4,043.93 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया और फिर से 4,000 डॉलर के स्तर के पार चला गया। चांदी भी 4.5 प्रतिशत बढ़कर 52.03 डॉलर प्रति औंस हो गई।

भारत से व्यापार समझौता कर सकते हैं ट्रम्प



नयी दिल्ली, अमेरिकी मध्यावधि चुनाव में हार के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत के साथ जल्द व्यापार समझौता करने की कोशिश कर सकते हैं। विशेषज्ञों ने यह राय जताई है उन्होंने कहा कि रूस, चीन और ईरान के खिलाफ विदेश नीति के मोर्चे पर दबाव बनाने में नाकाम रहने के बाद ट्रंप को व्यापार समझौते के मोर्चे पर जल्द कोई बड़ी सफलता हासिल करने की जरूरत है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को मध्यावधि चुनाव में बड़ा झटका लगा है। देश के मतदाताओं ने मंगलवार को हुए बहुचर्चित मध्यावधि चुनावों में विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी को संसद के उच्च सदन सीनेट का नियंत्रण सौंप दिया और डेमोक्रेट ने कई अहम राज्यों में गवर्नर पदों पर भी जीत दर्ज की। इन नतीजों का असर न केवल अमेरिका, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी देखने को मिल सकता है। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने कहा कि मध्यावधि चुनाव के प्रतिकूल नतीजों से राष्ट्रपति ट्रंप की व्यापार नीति की दिशा में बदलाव की संभावना नहीं है, क्योंकि डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन, दोनों ही दल आर्थिक राष्ट्रवाद, घरेलू विनिर्माण और मजबूत आपूर्ति श्रृंखलाओं के पक्षधर हैं। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, रूस, चीन और ईरान के खिलाफ विदेश नीति के मोर्चे पर दबाव बनाने में नाकाम रहने के बाद ट्रंप को जल्द किसी सफलता की जरूरत है। अमेरिका का प्रभाव दिखाने के लिए भारत पर व्यापार समझौता करने का दबाव बढ़ने की संभावना है। मध्यावधि चुनाव में मिली हार ट्रंप को भारत के साथ जल्द समझौता करने के लिए प्रेरित कर सकती है उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति अब अपने कार्यकारी अधिकारों का इस्तेमाल कर भारत पर जल्द समझौता करने का दबाव बना सकते हैं। इसके तहत अमेरिकी कृषि और औद्योगिक उत्पादों के लिए भारतीय बाजार में पहुंच सुनिश्चित करने के साथ अमेरिकी कंपनियों को अन्य बड़ी रियायतें देने की मांग की जा सकती है। निर्यातकों के शीर्ष निकाय फियो के अध्यक्ष एस सी रल्हन ने कहा कि अमेरिका भारतीय वस्तुओं और सेवाओं के लिए एक प्रमुख बाजार बना हुआ है। उन्होंने कहा, ''आने वाले महीनों में भारतीय निर्यातकों के लिए यह महत्वपूर्ण होगा कि अमेरिका की शुल्क और बाजार तक पहुंच से जुड़ी नीतियां किस रूप में सामने आती हैं। विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को व्यापार की भरोसेमंद परिस्थितियों की जरूरत है। इससे वे भरोसे के साथ अपने उत्पादों की कीमत तय कर सकेंगे और कई महीने पहले ही माल भेजने की योजना बना सकेंगे। रल्हन ने कहा, ''हमें विश्वास है कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार का और विस्तार हो सकता है। भारतीय आपूर्तिकर्ताओं और अमेरिकी खरीदारों ने मजबूत कारोबारी संबंध बनाए हैं। दोनों देशों का इन संबंधों को और मजबूत करने में स्पष्ट हित है।

स्कॉर्ट्स कुबोटा ने ट्रैक्टर कीमतों में किया संशोधन

नई दिल्ली। एस्कॉर्ट्स कुबोटा लिमिटेड ने अपने तीनों ब्रांड कुबोटा, फार्मट्रैक और पावरट्रैक ट्रैक्टरों की कीमतों में बढ़ोतरी का ऐलान किया है। नई कीमतें नवंबर 2026 से लागू होंगी। कंपनी ने बताया कि इनपुट लागत, ऊर्जा, लॉजिस्टिक्स और मैन्युफैक्चरिंग खर्च बढ़ने के कारण यह फैसला लेना पड़ा है। कीमतों में बढ़ोतरी मॉडल, वेरिएंट और क्षेत्र के हिसाब से अलग-अलग होगी, जिसकी जानकारी डीलरों से मिलेगी। कंपनी के प्रेसिडेंट एग्री बिजनेस मनीष शर्मा ने कहा कि हमने कोशिश की है कि ग्राहकों पर कम से कम बोझ पड़े।

CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR
(Formerly Known as Kanpur University Kanpur - 208024)

Ref.No.:CSJMU/Purchase/104/2026 Date : 04.11.2026

जेम-निविदा सूचना

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा Deployment, Operation, Maintenance and Management of One Smart Bus-based Primary Healthcare Unit हेतु GeM Bid No. GEM/2026/B/8222183 दिनांक 02.11.2026 को जेम पोर्टल पर प्रकाशित की गई है। उक्त निविदा की अंतिम तिथि 12.11.2026 सायं 05:00 बजे तक है। विस्तृत निविदा दस्तावेज, शर्तें एवं संशोधन GeM Portal-https://gem.gov.in/ पर उपलब्ध होंगे।

कुलसचिव

U.P. STATE HANDLOOM CORPORATION LTD.
यू0पी0 स्टेट हैण्डलूम कारपोरेशन लिमिटेड
E-mail ID- uphandlooms@yahoo.co.in
KABIR BHAWAN, G.T. ROAD, KANPUR NAGAR-208005
कबीर भवन जी0टी0 रोड कानपुर नगर – 208005

नीलामी सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रा0 शाहपुर, दोस्तपुर, सुल्तानपुर स्थित उ0प्र0 राज्य हथकरघा निगम लि0 के भवन के प्रांगण में स्थित श्री रमेश के घर से सटे 05 अदद यूकेलिप्टस के पेड़ों की नीलामी की जानी है। उक्त वृक्षों का मूल्यांकन सामाजिक वानिकी वन प्रभाग सुल्तानपुर द्वारा किया जा चुका है।

इच्छुक इकाईयाँ वृक्षों का मौका मुआयना कर जहाँ है जिस स्थिति में है से सम्बन्धित अपना प्रस्ताव दिनांक 13.11.2026 सायं 4.00 बजे तक बन्द लिफाफे में प्रभारी नजारत उ0प्र0 राज्य हथकरघा निगम लि0, कबीर भवन, जी0टी0 रोड, कानपुर-208005 को प्रेषित कर सकती है। प्रस्ताव के साथ रू0 5,000/- (पाँच हजार) का डिमाण्ड ड्राफ्ट जो **"U.P. State Handloom Corporation Ltd.," के नाम से देय होगा** संलग्न करना अनिवार्य है। प्रस्ताव के साथ आवश्यक प्रपत्र जैसे आधार, पैन आदि संलग्न करना अनिवार्य है। डिमाण्ड ड्राफ्ट एवं वांछित कागजात संलग्न न होने पर प्रस्ताव/टेण्डर मान्य नहीं होगा। नीलामी निरस्त करने का अधिकार प्रबन्ध निदेशक का होगा। किसी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र कानपुर होगा।

सम्पर्क सूत्र- प्रभारी नजारत मो0नं0 7985790550

(प्रमोद चन्द्र ठाकुर)
प्रबन्ध निदेशक

सूचना

पहले मेरा नाम SHARIF BEG था अब मैने बदलकर अपना नाम MOHAMMAD SHARIF BEG रख लिया है भविष्य में मुझे MOHAMMAD SHARIF BEG के नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O MOHAMMAD NASEER BEG R/O, 449/149, RAMGANJ HUSAINABAD, NEAR POLICE CHOWKI, LUCKNOW

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम MOHAMMAD HUSSEN IDRISHI था, जिसे बदलकर मैंने MOHD HUSAIN IDRISHI कर लिया है। भविष्य में मुझे MOHD HUSAIN IDRISHI S/O MANSOOR ALI IDRISHI नाम से जाना पहचाना जाए। पता : बिशुनापुर, कोतवाली देहात, बलरामपुर, उ0प्र0 नोटः पुराना नाम : MOHAMMAD HUSSEN IDRISHI नया नाम : MOHD HUSAIN IDRISHI

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम SUNIL VERMA था, जिसे बदलकर मैंने SUNIL KUMAR VERMA कर लिया है। भविष्य में मुझे SUNIL KUMAR VERMA S/O DAYANAND VERMA नाम से जाना पहचाना जाए। पताः म0नं0- 570/479, विराट नगर, आलमबाग, लखनऊ, उ0प्र0, नोटः पुराना नाम : SUNIL VERMA नया नाम : SUNIL KUMAR VERMA

सूचना

मैं अपने बड़े पुत्र हर्षवर्धन सिंह के अभद्र व्यवहार, गलत चाल-चलन, एवं आपराधिक गतिविधियों के कारण उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करके उससे अपने सभी सम्बन्ध समाप्त करता हूं। हर्षवर्धन के द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए मैं और मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा, वह स्वयं जिम्मेदार होगा। अमित सिंह पुत्र राजकुमार निवासी-512/670, पहली गली निशातगंज, न्यू हैदराबाद पी0ओ0 लखनऊ (उ0प्र0)

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं श्रीमती NAGMA अपनी नाबालिग पुत्री MARIYAM RUYADA SALFI का नाम बदलकर MARIYAM RAHMAN कर लिया है। भविष्य में मेरी पुत्री को MARIYAM RAHMAN D/O NAGMA नाम से जाना पहचाना जाए। पता : प्यारेपुरवा भिटौरा, गोंडा, उ0प्र0। नोटः पुराना नाम : MARIYAM RUYADASALFI नया नाम : MARIYAM RAHMAN

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम 'रामफेरे पुत्र स्व. सूर्य प्रसाद', उम्र लगभग 78 वर्ष, निवासी-1027-KN-232 MIN, निकट हनुमान मंदिर, मलाक, नीलमथा, लखनऊ (उ.प्र.) 226002 एवं स्थायी पता मकान नं. 30, ग्राम-खनिकलापुर, पोस्ट-पाली, तहसील-सवायजपुर, जनपद-हरदोई 241123 है। मेरे पिता जी का नाम मेरे विभिन्न अभिलेखों में 'सूर्य प्रसाद, सूरज प्रसाद, सूरज प्रकाश एवं सरजू प्रसाद' अंकित है। मात्रात्मक हेर-फेर के कारण अलग-अलग है परन्तु वास्तव में मेरे पिता जी के उपरोक्त सभी नाम उन्हीं के हैं। इस सम्बन्ध में मेरे द्वारा एक शपथ पत्र दिनांक 03.11.2026 को निष्पादित किया गया है।

सूचना

श्री रामलीला कमेटी पलिया कलाँ (खीरी) की साधारण सभा के सदस्यों को सूचित किया जाता है कि दि० 22 नवम्बर 2026 दिन रविवार को पूर्वान्ह 11 बजे संस्था के कार्यालय भवन स्थित स्वामी विवेकानंद सभाकक्ष में साधारण सभा की बैठक सम्पन्न होगी, उक्त बैठक में संस्था की प्रबन्धकारिणी समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के आगामी कार्यकाल हेतु चुनाव सम्पन्न होगा। सभी सदस्य निर्धारित तिथि व निर्धारित समय पर बैठक में उपस्थित हों।

अध्यक्ष
श्री रामलीला कमेटी पलिया कलाँ
पलिया कलाँ (खीरी)
दिनांक-04/11/2026

रेलिगेयर फिनवेस्ट ने रिटेल लेंडिंग में की वापसी

मुंबई नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनी रेलिगेयर फिनवेस्ट लिमिटेड ने मल्टी-लाइन रिटेल लेंडर के रूप में वापसी की है। कंपनी ने उत्तर प्रदेश में तीन नई शाखाओं के साथ कारोबार शुरू किया है। कंपनी नौकरीपेशा, स्वरोजगार करने वाले लोगों और छोटे कारोबारियों को प्रॉपर्टी के बदले लोन, यूज्ड कार लोन, कमर्शियल और बिजनेस लोन देगी। सीआरआईएफ की रिपोर्ट के अनुसार यूपी रिटेल क्रेडिट का तेजी से बढ़ता बाजार है। यहां ऑटो लोन में 20.2त्न और पर्सनल लोन में 17.7त्न की सालाना वृद्धि दर्ज की गई है, जो राष्ट्रीय औसत से अधिक है। कंपनी के एमडी और सीईओ कार्तिक श्रीनिवासन ने कहा कि कंपनी की वापसी तीन प्रतिबद्धताओं - टीम, जोखिम प्रबंधन और तकनीक पर टिकी है। हम ग्रोथ के साथ-साथ उसकी गुणवत्ता पर भी ध्यान देंगे।

सूचना

मैने अपना नाम ZAHEDUN से बदलकर RABIYA रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/0-MUSTAQEEM ADD-PALHARI, TEH-NAWABGANJ DIST-BARABANKI-225412 (U.P.)

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम रेनू देवी पाल था जिसे बदलकर मैने रेनू कर लिया है। भविष्य में मुझे रेनू के नाम से जाना व पहचाना जाये। रेनू पत्नी शिवप्रकाश, पता-बी-2205 इन्द्रानगर लखनऊ

सूचना

मैने अपना नाम SYED SARTAJ ALAM से बदलकर SARTAJ ALAM रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-SARKAR ALAM ADD-338/17, सिरके वाली गली, काजमैन मार्ग, सआदतगंज, लखनऊ-226003 उ0प्र0

सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा नाम रोली तिवारी था विवाह उपरांत मैनें अपना नाम बदलकर रोली सिंह कर लिया है। भविष्य में मुझे रोली सिंह के नाम से जाना पहचाना जाये। रोली सिंह पत्नी प्रकल्प विजय सिंह E-2070 राजाजीपुरम लखनऊ-17

सूचना

सूचित किया जाता है कि कुछ दस्तावेजों में मेरा नाम *Sheelta Srivastava* दर्ज है, जबकि मेरा वास्तविक नाम *Shilta Devi Srivastava* है। ये दोनों नाम मेरे ही हैं। अतः भविष्य में मुझे *Shilta Devi Srivastava* के नाम से ही जाना एवं पहचाना जाए। Shilta Devi Srivastava पत्नी श्री Sunil Kumar Srivastava निवासीः C-4425, सेक्टर-13, राजाजीपुरम, लखनऊ-226017

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, फरान अहमद (FARAN AHAMAD), पुत्र नसीम अहमद, निवासी ग्राम महिगिरान-2, महिगिरान, पलिया कलां, जिला लखीमपुर खीरी, उत्तर प्रदेश, ने अपना नाम बदल कर फरहान अहमद (FARHAN AHMAD) रख लिया है। अब भविष्य में मुझे फरहान अहमद (FARHAN AHMAD) के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाये।

NOTICE

I HAVE CHANGE MY NAME SANJAY DIXIT TO SANJAY KUMAR DIXIT S/O SRI KRISHNA DIXIT, IN FUTURE I WOULD LIKE TO BE KNOWN BY THIS NAME. SANJAY KUMAR DIXIT S/O SRI KRISHNA DIXIT B-13, RAJEEV NAGAR, KALYANPUR, LUCKNOW-226022

मैकडॉनल्ड्स ने 'बडी मील्स' के साथ बढ़ाया त्योहारी सीजन का उत्साह

नई दिल्ली । भारत में त्योहारों का मतलब होता है खुशियां मनाना, ज्यादा लोगों से मुलाकात करना और साथ मिलकर नई यादें बनाना। इस त्योहारी सीजन में मैकडॉनल्ड्स इंडिया ङ्क नॉर्थ एंड ईस्ट अपने 'फेस्टिव बडी मील्स' के साथ एक-दूसरे का हाथ थामकर बढ़ने की त्योहारी भावना का जश्न मना रही है। यह एक लिमिटेड पीरियड ऑफरिंग है, जिसमें पसंदीदा मैकडॉनल्ड्स फूड के साथ दोस्तों को साथ लाने का बहाना मिलेगा। त्योहारों में हमेशा कुछ ज्यादा करने की गुंजाइश बनी रहती है। इसी सोच के साथ इस कैंपेन को तैयार किया गया है। इसमें त्योहारी सीजन को खास बनाने वाली छोटी-छोटी चीजों का जश्न मनाया गया है। इनमें त्योहार के दीये जलाने से लेकर दोस्तों से मुलाकात और उनके साथ भोजन करने जैसे सभी पल शामिल हैं। कंपनी ने 'फेस्टिव बडी मील्स' में तीन विकल्प दिए हैं। इनसे स्वाद, वैरायटी और वैल्यू को साथ लाते हुए ग्राहकों को अपने दोस्तों के साथ इस त्योहारी सीजन का जश्न मनाने का नया तरीका मिलेगा। 'फेस्टिव बडी मील्स' रेंज में 119 रुपये में मिलने वाला वेज सरप्राइज बडी मील विद मैकआलू टिक्की, 159 रुपये की कीमत में दो वेज सरप्राइज कोरियन बर्गर वाला वेज सरप्राइज कोरियन बडी मील और 199 रुपये में मिलने वाला मैकवेजी बडी मील शामिल हैं। हर मील में कुल चार चीजें होंगे- दो बर्गर, स्माल फ्राइज और एक शीतल पेय।

अमूल घी मक्खन के दाम बढ़े

नयी दिल्ली, अमूल ब्रांड के उत्पाद बेचने वाले गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ (जीसीएमएमएफ) ने दूध उत्पादन की लागत बढ़ने के कारण दो अक्टूबर से घी की कीमतों में 40 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की है। इसके अलावा, टेबल बटर (मक्खन) के 500 ग्राम के पैक की कीमत भी 15 रुपये बढ़ाई गई है। जीसीएमएमएफ ने एक बयान में कहा कि अमूल टेबल बटर, अमूल घी और अमूल काउ घी के अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) में दो अक्टूबर से संशोधन किया गया है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, बहराइच

पत्रांक : 3258/13 एम/ई-टेण्डरिंग/2026-27 दिनांक : 31.10.2026

स्वीकृति की प्रत्याशा में अल्प कालीन ई-निविदा सूचना प्रकाशन

1. अधिशासी अभियन्ता, नि0ख0-1, लो0नि0वि0, बहराइच द्वारा महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग में ए, बी, सी व डी श्रेणी के पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से जनपद बहराइच के निम्न वर्णन के अनुसार कार्य की निविदा प्रतिशत दरो के आधार पर आमंत्रित की जाती है।

क्र0 सं0	जनपद	कार्य का नाम	निविदा की लागत (बिना जी0एस0टी0) (रू0 लाख में)	बिड सिक्योरिटी (रू0 लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (समस्त करों सहित रू0 में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
विधान सभा-बहराइच						
1	बहराइच	वित्तीय वर्ष-2026-27 में बहराइच भिनगा सिरसिया चौधरीडीह (एस0एच0-96) उपरिगामी सेतु के सर्विसलेन मार्ग के नवीनीकरण का कार्य। (हॉट मिक्स प्लांट द्वारा)	26.50	2.70	856.00	04 माह

2. ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदायें प्रकाशित होने की तिथि :- दिनांक 07.11.2026 से पूर्व।
3. बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता एवं बिड-सबमिट करने का माध्यम-
(क) बिड डाक्यूमेन्ट आन-लाईन दिनांक 07.11.2026 से 26.11.2026 तक उपलब्ध रहेगी, जो आन-लाइन http://etender.up.nic.in पर ही सबमिट किया जायेगा।
(ख) निविदा डालने हेतु निविदादाता को उपरोक्त वेब-साइट पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। निविदायें आन-लाइन डालने हेतु निविदादाता के पास किसी डिजिटेल सिग्नेचर सार्टिफिकेट सर्टिफाइंग अथोरिटी द्वारा जारी डिजिटेल सिग्नेचर सार्टिफिकेट होना अनिवार्य है।
(ग) ई-प्रोक्योरमेण्ट के माध्यम से निविदायें डालने की अन्तिम तिथि 26.11.2026 दोपहर 12.00 बजे तक एवं टेकनिकल क्वालिफिकेशन पार्ट-1 दिनांक 26.11.2026 अपराह्न 12.30 बजे से कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, बहराइच में खोला जायेगा। विस्तृत विवरण http://etender.up.nic.in देखा जा सकता है।
(घ) निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्तें तथा विवरण वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। पंजीकृत निविदादाता द्वारा जो विवरण ई-टेंडिरिंग, एन0आई0सी0 की साइट पर अपलोड किया जाना है, वह लोक निर्माण विभाग की वेबसाइट www.uppwd.gov.in के प्रहरी सॉफ्टवेयर में भी अपलोड करना होगा। निविदा की अन्तिम तिथि 26.11.2026 के दोपहर 12.00 बजे तक शुद्धि पत्र यदि कोई हो, तो उसे ई-पोर्टल पर अपलोड कर दिया जायेगा।
(ड.) शासनादेश सं0- 86/2026/649/2026/23-7099/106/2025 दिनांक- 23.05.2026 के अनुसार ही निविदा स्वीकार होगी।

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0,
बहराइच

(इं0 अमर सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, बहराइच

उ0प्र0 260383 दि. 04.11.2026 www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

सेबी ने देश के बाहर रहने वाले लोगों के लिए केवाईसी नियमों में ढील दी



नयी दिल्ली, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने बुधवार को प्रवासी भारतीयों (एनआरआई), भारतीय मूल के विदेशी नागरिक (ओसीआई) और विदेशी नागरिक समेत भारत के बाहर रहने वाले व्यक्तियों के लिए अपने ग्राहक को जानो (केवाईसी) संबंधी नियमों में ढील दी है। इसके तहत वे डिजिटल माध्यम से पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी कर सकेंगे। अब वे वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (एफएटीएफ) के मानकों का पालन करने वाले देशों में रहते हुए भारत में आए बिना यह प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं सेबी ने अपने परिपत्र में कहा कि संशोधित व्यवस्था तीन दिसंबर से लागू होगी। इस व्यवस्था के तहत सेबी में पंजीकृत मध्यस्थ ऐसे ग्राहकों से केवाईसी संबंधी जानकारी और संबंधित दस्तावेज डिजिटल माध्यम से स्वीकार कर सकेंगे। इसके लिए पंजीकरण की प्रक्रिया के दौरान उनका भारत में शारीरिक रूप से मौजूद रहना जरूरी नहीं होगा। इस कदम का उद्देश्य विदेश में रहने वाले निवेशकों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया को सरल बनाना और अनुपालन संबंधी जरूरतों को आसान करना है। सेबी ने कहा, ''भारत से बाहर रहने वाले किसी व्यक्ति (पीआरओआई) ग्राहक के पंजीकरण की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए मौजूदा केवाईसी प्रावधानों की समीक्षा करने का निर्णय लिया गया है। भारत से बाहर रहने वाले व्यक्तिगत ग्राहकों में प्रवासी भारतीय (एनआरआई), भारतीय मूल के विदेशी नागरिक (ओसीआई) या विदेशी नागरिक शामिल होंगे। नियामक ने कहा, वित्तीय कार्रवाई कार्यबल के मानकों का पालन करने वाले देश में रह रहे ऐसे व्यक्तिगत ग्राहक के लिए डिजिटल पंजीकरण के दौरान भारत में मौजूद रहने की अनिवार्यता में ढील दी जा रही है।

हिमालया बेबीकेयर ने पेश किया पहले विंटर का पहला लेयर

नई दिल्ली । माता-पिता के लिए, शिशु की पहली सर्दी अपने साथ रोज़मर्रा के कई नए फैसले लेकर आती है, जैसे कि सही स्किनकेयर उत्पादों का चुनाव करना, और यह समझना कि मौसम में बदलाव के साथ उनके शिशु की त्वचा को किस चीज़ की ज़रूरत है। यह समझते हुए कि देखने में सरल लगने वाले ये विकल्प नए माता-पिता की उलझन बढ़ा सकते हैं, डॉक्टरों द्वारा सर्वाधिक अनुशंसित नंबर वन ब्रांड, हिमालया बेबीकेयर ने अपना नया विंटर कैंपेन पहले विंटर का पहला लेयर पेश किया है। यह कैंपेन इस सरल विचार पर आधारित है कि शिशु की सर्दियों की देखभाल की शुरुआत, सही देखभाल की पहली परत (लेयर) से होनी चाहिए। यह कैंपेन सर्दियों में शिशुओं की त्वचा की देखभाल को लेकर माता-पिता के कुछ आम सवालों और चिंताओं को संबोधित करता है। इनमें उत्पादों से एलर्जी होने का डर, तेल का इस्तेमाल करने के बावजूद लोशन या क्रीम की ज़रूरत और शिशुओं की नाज़ुक त्वचा के लिए विशेष उत्पादों की आवश्यकता जैसे सवाल शामिल हैं। इस उलझन को बढ़ाने के बजाय, हिमालया बेबीकेयर बातचीत को सरल बनाना चाहता है। इसका उद्देश्य माता-पिता को यह समझने में मदद करना है कि उनके शिशु की सर्दियों की दिनचर्या में विशेष रूप से तैयार किए गए बेबी स्किनकेयर उत्पादों की क्या भूमिका होती है। इस विचार को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने के लिए कैंपेन में हिमालया बेबी लोशन और हिमालया बेबी क्रीम पर आधारित एक मुख्य फिल्म है और साथ में छह लघु फिल्में भी शामिल हैं,यह सर्दियों में शिशुओं की त्वचा की देखभाल से जुड़े माता-पिता के रोजमर्रा के सवालों पर केंद्रित हैं, जो अक्सर उनके मन में आते हैं। इन फिल्मों में रोज़मर्रा की देखभाल की स्थितियों का इस्तेमाल करके कुछ अहम मुद्दों पर बात की गई है—जैसे कि कोई उत्पाद कितना उपयुक्त है, तेल के साथ लोशन और क्रीम की क्या भूमिका है, और शिशु की नाज़ुक त्वचा के लिए खास तौर पर बनाए गए उत्पादों को चुनना क्यों ज़रूरी है। इन रोजमर्रा के पलों के ज़रिए, इस कैंपेन का उद्देश्य सर्दियों में स्किनकेयर को माता-पिता के लिए अधिक सहज और आसान बनाना है। कैंपेन का मुख्य संदेश, बेबी के पहले विंटर के लिए हिमालया बेबीकेयर का पहला लेयर है। इसके माध्यम से हिमालया बेबी लोशन और हिमालया बेबी क्रीम को शिशु की सर्दियों की स्किनकेयर रूटीन का एक अहम हिस्सा बताया गया है। कैंपेन में उत्पादों के प्रमुख लाभों के रूप में 97त्न प्राकृतिक मूल के अवयव और पेंटा मॉइस्चर लॉक को भी रेखांकित किया गया है।

सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 23, शाल टॉवर, तीसरी मंजिल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली- 110005

आईसीआईसीआई बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रतिभूतिकरण, वित्तीय आस्तियों का पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 एवं प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 सहित पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित कर्ज़दार(रों) को माँग सूचना निर्गमित की गई थी, उक्त सूचना में कहा गया था कि वे सूचना प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर सूचना में उल्लिखित राशि का भुगतान करें।
कर्ज़दार राशि चुकाने में विफल रहे हैं, अतएव कर्ज़दार और जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त अधिनियम 8 सहित पठित धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित तिथियों पर नीचे वर्णित संपत्ति का अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक कब्ज़ा ले लिया गया है। विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने हेतु सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

क्र. सं.	कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र.	संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि	डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.)	शाखा का नाम
1.	सफल इंटरप्राइजेज/ तेजबहादुर कुशवाह/ वंदना कुशवाह/ 320405500259	कस्बा अकबरपुर, तहसील और परगना अकबरपुर, जिला रमाबाई नगर, गाटा संख्या 887, रकबा 0.320 हेक्टेयर, वंदना कुशवाह के स्वामित्व में (क्षेत्रफल 237 वर्ग मीटर; चतुर्सीमा- उत्तर: ब्लॉक रोड, दक्षिण: घनश्याम का घर और दूसरों के खाली प्लॉट, पूर्व: ईश्वरी प्रसाद का खाली प्लॉट, पश्चिम: राम नारायण का घर) सांकेतिक कब्ज़े की तिथि नवंबर 02, 2026	अगस्त 25, 2026 रु. 94,80,604.18/-	अकबरपुर कानपुर देहात
2.	सफल बीज भंडार/ तेजबहादुर कुशवाह/ वंदना कुशवाह/ 320405003341	गाटा संख्या 844, ग्राम अकबरपुर, तहसील व परगना अकबरपुर, जिला कानपुर देहात, कानपुर - 209101, उत्तर प्रदेश, यह संपत्ति वंदना कुशवाह की है (क्षेत्रफल 129.62 वर्ग मीटर), चतुर्सीमा- उत्तर में ब्लॉक रोड है, दक्षिण में प्लॉट का शेष हिस्सा है, पूर्व में अनिल कौशल का प्लॉट है, और पश्चिम में प्लॉट का शेष हिस्सा है सांकेतिक कब्ज़े की तिथि नवंबर 02, 2026	अगस्त 10, 2026 रु. 64,54,426.01/-	अकबरपुर कानपुर देहात

उपरोक्त कर्ज़दार(रों)/जमानतदार(रों) को राशि वापस करने के लिए 30 दिन का नोटिस जारी किया जाता है, अन्यथा बंधक रखी गई संपत्ति(याँ) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 और 9 के प्रावधानों के अनुसार इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के बाद नीलाम कर दी जाएगी।

दिनांक : नवंबर 05, 2026
स्थान : अकबरपुर, कानपुर देहात

भवदीय, प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के लिए

गडकरी करेंगे चौथे यूपी राज्य कृषि शिखर सम्मेलन का उद्घाटन

नई दिल्ली । केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी 4 दिसंबर को लखनऊ में चौथे राज्य कृषि शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। इस शिखर सम्मेलन का आयोजन इंडियन चैंबर ऑफ फूड एंड एग्रीकल्चर द्वारा किया जा रहा है, जो 25वें एग्रोटेक 2026 का हिस्सा है। इसमें उत्तर प्रदेश सरकार मेजबान राज्य की भूमिका निभा रही है। इस शिखर सम्मेलन में 200 से अधिक तकनीकी विशेषज्ञ और कृषि-व्यवसाय से जुड़े नेता हिस्सा ले रहे हैं, जिनमें लगभग 40 लोग विदेशों से आए हैं। शिखर सम्मेलन की शुरुआत उत्तर प्रदेश में कृषि-व्यवसाय, निर्यात और निवेश से जुड़ी नीतिगत पहलों पर एक उद्घाटन सत्र के साथ होगी। इसके बाद कई तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें निम्नलिखित विषय शामिल होंगे कृषि में तकनीक और इनपुट प्रबंधन बेहतर उत्पादकता के लिए फसलों के स्वास्थ्य का प्रबंधनकृषि क्षेत्र में ऋण और बीमा सटीक कृषि और डिजिटल टूल्स कृषि प्रसंस्करण और मार्केटिंग के लिए उद्योग साझेदारी दिन का समापन यूपी स्टेट एक्सीलेंस अवार्ड्स के साथ होगा, जिसमें कृषि, कृषि-व्यवसाय और इससे जुड़े क्षेत्रों में उत्कृष्ट काम करने वाले संगठनों और व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा।

स्वामी ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक ओमप्रकाश शुक्ला द्वारा आज यंत्रालय १, जापलिंग रोड, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय सम्पादक
हरिन्दर सिंह साहनी

वाराणसी : सन्त कबीर मार्ग, **गोरखपुर :** बैंक रोड, **इलाहाबाद :** 3, लीडर रोड, **कानपुर :** बासमंडी, **झांसी :** गांधी भवन के सामने, **आगरा :** महात्मा गांधी मार्ग, **बरेली :** परसा खेड़ा रोड नं. 3, **पटना :** फ्रेजर रोड, **रांची :** नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुरः** कालीमाटी रोड

वर्ष-38 संख्या-132556
आर.एन.आई. नं. 47967/89
फोन-0522-2209312, 2209313
aaajlucknow@yahoo.com
aajlucknow@gmail.com

पी.आर.बी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिये स्थानीय सम्पादक जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन होंगे।

THE KISAN SAHKARI CHINI MILLS LTD.
MAHMUDABAD (OUDH), DISTT.-SITAPUR (U.P.)

E-Bids are invited from reputed Traders, Manufacturers, Dealers, and Contractors for Supply of Different Items / Work Services given below in the table. The e-bid documents with detailed specifications, terms and conditions etc. can be downloaded from GeM Portal http://gem.gov.in & federation website www.upsugarfed.org. Bidders will have to deposit earnest money, tender form fee through RTGS / Bank draft in favors of mill society as per details given in E-portal. The General Manager reserves the right to cancel any or all bids / annul e-bidding process without assigning any reason & decision of Mill Society will be final & binding.

S.N.	Gem Bid Number	Name Of Items / Works	E.M.D. (in Rs.)	Bid Opening Date & Time
1	GEM/2026/B/8201806	Supply of Chemical	3,000/-	06-11-2026 16:00 PM
2	GEM/2026/B/8202092	Supply of Trash Plate	5,000/-	06-11-2026 17:00 PM
3	GEM/2026/B/8209224	Supply of Scrapper	5,000/-	08-11-2026 12:00 PM
4	GEM/2026/B/8227209	SUPPLY OF FLOW METER	10,000/-	13-11-2026 11:00 AM
5	GEM/2026/B/8227385	Supply, Installation, Commissioning Testing and Performance Guarantee of Upgradation and Modification of Existing 400 KLD Effluent Treatment Plant as per charter	2,00,000/-	13-11-2026 11:00 AM
6	GEM/2026/B/8234661	Supply of SPM Analyses with Telemetry system along with data Transmission to CPCB UPPCB	15,000/-	14.11.2026 04.00 PM

GENERAL MANAGER